हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 शासकीय विद्यालय विनायकपुर में किया परीक्षा पे चर्चा ...





11 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में...






## खबर संक्षेप



### सड़क चौड़ीकरण में लेटलतीफी का खामियाजा भुगत रहे लोग

**बालोद।** ग्राम झलमला से शेरपार तक सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने से लेकर अब तक शहरवासियों को कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार नेशनल हाईवे विभाग द्वारा शहरवासियों को हो रही समस्याओं से निजात दिलाने के बजाए, उनकी मुश्किलें बढ़ाई जा रही हैं। शहर में नेशनल हाईवे, सड़क किनारे नाली निर्माण और बिजली पोल शिफ्टिंग का कार्य होना है। कई महीनों से सड़क के किनारे नाली बनाने के लिए खोदाई करके छोड़ दिया गया है। नाली का निर्माण कार्य कब से शुरू किया जाएगा, इसकी भी स्पष्ट जानकारी जिम्मेदार विभाग द्वारा नहीं दी जा रही है। इसका खामियाजा सड़क किनारे स्थित दुकान संचालकों व शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

### बिरेतरा मानसगान में शामिल होने पूर्व सीएम भूपेश को आमंत्रण



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम बिरेतरा में श्री राम नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 9, 10 एवं 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ स्तरीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य की ख्याति प्राप्त मंडलियां शामिल होंगी। कार्यक्रम का समापन 11 फरवरी को होगा। समिति के सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंटकर रामायण सम्मेलन में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आयोजन समिति का आमंत्रण स्वीकार किया। श्री बघेल ने कहा कि वे कार्यक्रम में शामिल होने का प्रयास करेंगे। श्री बघेल से मुलाकात के दौरान ग्राम के सरपंच योगेश कुमार देशमुख, आयोजक समिति के अध्यक्ष टोमन निर्मलकर, फलेश निर्मलकर, बूथ अध्यक्ष महेन्द्र निर्मलकर उपस्थित थे।

### ढाबाडीह पसौद मड़ई दो फरवरी को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम ढाबाडीह पसौद मड़ई मेला का आयोजन 2 फरवरी को किया गया है। प्रतीक ने बताया कि इस उपलक्ष्य में रात्रि में ज्ञान के पूजा नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### जिले के किसानों ने 7 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान बेचा

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 161 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 40 हजार 548 किसानों द्वारा कुल 07 लाख 09 हजार 503 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1553 करोड़ 31 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 05 लाख 72 हजार 339 मेट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 04 लाख 75 हजार 794 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 33 हजार 708 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस के लिए 9815 किसानों को टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 22 हजार 500 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

## समस्या : प्रशासन समितियों पर अंकुश लगाने में नाकाम

# किसानों ने की मोहारा व धनोरा समिति में अधिक धान तौलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकास खंड में धान खरीदी के दौरान अधिक धान तौलने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। प्रशासन समितियों में अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम रही है। समितियां लगातार किसानों के धान में खुलेआम डाका डाल रही है। मामले में समिति प्रबंधक ने पूरा ठिकरा उच्च अधिकारियों पर डालने का प्रयास किया।

खरीदी को मात्र दो दिन ही शेष हैं, ताजा मामला सेवा सहकारी समिति अरकार का है। यहां एक किसान के धान को एक से डेढ़ किलो तक कम तौला गया। वहीं कई किसानों के धान को अधिक तौलने की शिकायत सामने आई। विकासखंड में लगातार अधिक धान तौलने की शिकायत आ रही है, मोहारा समिति एवं धनोरा समिति में अधिक धान तौलने, स्टेक के धान के स्थान पर ताजा तौले खड़े बोरों को उठाने, धान गिराने जैसे मामलों की शिकायत के बाद भी प्रशासन समितियां पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है। जिसके कारण अब भी अधिक धान तौलने की शिकायतें आ रही हैं।



### कट्टे में कम और ज्यादा निकल रहा धान

सोमवार को किसान की अनुपस्थिति में ही धान तौला जा रहा था, जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि यहां कोचिए द्वारा माल खपाया जा रहा है। हालांकि एक घंटे बाद किसान ने स्वयं आकर अपना धान होने का दावा किया। सोमवार को खरीदी किए गए धन को तौलकर सिलाई कर रखा गया था। खड़े धान के बोरे को तौलने पर एक किसान के धान का तौल एक किलो प्रति कट्टा तक कम निकला, जबकि अन्य किसानों के धान का वजन प्रति कट्टा एक से डेढ़ किलो तक अधिक निकला।

### मिलर धान नहीं उठा रहे

प्रभारी समिति प्रबंधक खेमू साहू ने कहा समय पर परिवहन नहीं हो रहा है, एक माह से डीओ कटा हुआ है, मिलर धान उठा नहीं रहे हैं। उन्हें कोई कुछ नहीं कहता। समिति में हर साल सार्टेज आता है, समय पर परिवहन होता तो सार्टेज नहीं आता। अभी 11000 कट्टा पड़ा हुआ है, बड़े अधिकारी ध्यान नही देते। मैंने ठेकेदार को कम या ज्यादा तौलने नहीं कहा है, किसी भी किसान को नुकसान नहीं होना चाहिए ऐसा निर्देश दिया हूं।

### किसान चाहे तो धान वापस ले सकते हैं

ठेकेदार बीरबल साहू ने कहा मैं पिछले 5–6 सालों से ठेकेदारी कर रहा हूं। हमालो को कम या ज्यादा तौलने नहीं बोला हूं। कुछ बोरो में ज्यादा तौल दिख रहा है, किसान चाहे तो फिर से तौला कर अपना धान वापस ले सकते हैं।

### चहेतों को लाभ पहुंचाने की आशंका

जिस किसान का धान कम तौला गया उसका नाम पूछने पर ठेकेदार, हमाल एवं समिति प्रबंधक तक नहीं बता सके कि किस किसान का धान है। आशंका व्यक्ति की जा रही है कि ठेकेदार के साथ सांठगांठ कर कम तौल कर समिति को नुकसान पहुंचाने एवं अपने चहेते किसान को अतिरिक्त लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। समिति द्वारा सोमवार को खरीदे गए अन्य किसानों के धान को तौलने पर उसमे एक से डेढ़ किलो तक अधिक निकला। यहां यह बताया जाना जरूरी होगा कि बीते 5–6 सालों से यहां एक ही व्यक्ति ठेकेदार के रूप में कार्य कर रहा है, इससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## आधी रात युवती के घर मोबाइल चार्जर देने गए युवक की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक युवती के घर आधी रात मोबाइल चार्जर देने पहुंचे युवक की युवती के परिजनों ने जमकर पिटाई कर दी। दोनों पक्षों ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

- दोनों पक्षों ने दर्ज कराई मारपीट की शिकायत

कोतवाली थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी चंद्रिका प्रसाद दुबे ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 27 जनवरी की रात करीब 2:30 बजे मोहल्ले के तुषार शर्मा घर में जबरन घूस आया और गाली-गलौच करने लगा, जिसे मैं एवं मेरी पत्नी ने मना कर वापस घर जाने कहा। इस पर आरोपी ने मुझे तथा मेरी पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे लोहे की रॉड से मारपीट किया है, जिससे मेरे दाहिने हाथ की कलाई के पास चोट लगा है तथा मेरी पत्नी के बांये हाथ के कलाई के पास चोट लगा है तथा बीच बचाव करने मेरी लड़की अंशीका दुबे आई तो उसे भी तुषार शर्मा द्वारा गाली-गलौच किया है। वहीं युवक तुषार दुबे ने चंद्रिका प्रसाद दुबे और अर्पित दुबे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया कि मरारपारा में रहने वाली लड़की से जान-पहचान होने से उनके घर से मोबाईल चार्जर को करीबन 1 माह पहले मांग कर अपने घर में लाकर रखा था, जिसे वापस करने वह रात करीब 2:30 बजे पहुंचा था।

इस पर लड़की के पिता चन्द्रीका प्रसाद दुबे और उसके भाई अर्पित दुबे द्वारा गाली-गलौच करते हुए मारपीट किया गया। मारपीट से बांये हाथ के कोहनी, सिना, चेहरा, गला, सिर एवं पीठ में चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

## मधुमक्खियों के हमले में युवक घायल



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में स्थित सेवा सहकारी समिति में सोमवार को अपना धान बेचने गए किसानों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे वहां लोगों में अफरा तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-ऊधर भागने लगे। इस बीच फागुनदाह समिति में अपने काम से आया उसरवारा निवासी युवक योगेन्द्र साहू पिता कुशल राम मधुमक्खियों के घातक हमले के कारण युवक घटना स्थल पर ही बेहोश हो गया। उसे आस पास के लोगों ने संजीवनी 108 की सहायता अस्पताल भेजा गया। बताया गया कि कौवा ने मधुमक्खी के छत्ते पर चोंच मार दिया था, जिससे यह स्थिति निर्मित हुई।

## मॉर्निंगवॉक पर निकली महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में सोमवार को हिट एंड रन का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार एक चारपहिया मालवाहक चालक मॉर्निंगवाक पर निकली दंपति को पीछे से टक्कर मार कर फरार हो गया। घटना सुबह लगभग 6 बजे नगर के राइस मिल के समीप की बताई जा रही है।

नगर के आसकरण जैन व उनकी धर्मपत्नी संगीता जैन प्रतिदिन की तरह मॉर्निंग वाकिंग के लिए निकले थी। इस बीच पीछे से तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चारपहिया मालवाहक के चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे संगीता जैन उछलकर दूर सड़क किनारे गढ्ढे में गिर गई। इससे उन्हें कमर में गहरी चोट लग गई। आस-पास के लोगों की मदद से उन्हें नगर के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उन्हें हायर ट्रीटमेंट के लिए रायपुर के निजी अस्पताल ले गए हैं। लोगों का कहना है कि सुबह-सुबह कई वाहन, अधिकांशतः सब्जी से भरे वाहन बेतरतीब तरीके से सड़कों पर दौड़ते हैं, जिस पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे विद्यार्थियों के लिए शुरू हुआ पुस्तकालय



**डौंडीलोहारा।** प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए नगर में पुस्कालय का शुभारंभ किया गया। इस पुस्तकालय को खुलवाने के लिए पीएससी के छात्र सिद्धार्थ जायसवाल, मनोज सिन्हा, हेमंत चन्द्राकर, नोवेन्द्र साहू, नितीन श्रीवास्तव, नीतिन देवांगन, भीस्म साहू ने संयुक्त रूप से पहल कर डौंडीलोहारा की अनुविभागीय अधिकारी प्रतिभा झा ठाकरे से इस विषय को लेकर चर्चा की। उसके बाद उनके द्वारा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा से हाईस्कूल के एक कमरा पुस्तकालय के लिए आंबटित किया, जहाँ 25 जनवरी को उपरोक्त अधिकारियों ने पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस पुस्तकालय से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई करने में सुविधा होगी और वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

## महाविद्यालय में नहीं हो रही शौचालय की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शौचालय की साफ–सफाई कराने के लिए अभिन्न यादव के नेतृत्व में प्रभारी प्राचार्य को विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपा। रोशन सोनकर, भानु ठाकुर, प्रियंश द्वारा शौचालय की सफाई को लेकर सौंपे गए आवेदन ने जिला मुख्यालय स्थित शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सफाई और मेंटनेंस की पोल खोल दी है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि जिले के सरकारी शिक्षण संस्थान में छात्र–छात्राओं के लिए बनवाए गए शौचालयों को लेकर विभाग कितना गंभीर है।

- सफाई की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने प्रभारी प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



विद्यार्थियों ने ज्ञापन में कहा है कि शौचालय की बदहाली के कारण महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को खुले में जाना पड़ता है। वहीं, इस बात को लेकर जहां कॉलेज प्रबंधन खामोश बैठा है। इससे छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं शौचालय अनुपयोगी साबित हो रहा है। विद्यार्थियों ने कहा कि जिले में स्वच्छता अभियान के तहत स्कूलों से लेकर गांव–गांव में शौचालय बनाकर जागरूकता लाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन शिक्षण संस्थान के शौचालयों का बुरा हाल है।

## शराब की अवैध बिक्री का जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शराब की अवैध बिक्री करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ है। वायर वीडियो में एक व्यक्ति जमीन पर बैठकर थैले से शराब निकालकर एक व्यक्ति को दे रहा है और उससे पैसा ले रहा है।

- शराब की अवैध बिक्री करते हुए वीडियो हो रहा वायरल

शराब की अवैध बिक्री का यह वीडियो जिला मुख्यालय से लगभग 10 किमी दूर ग्राम मालीघोरी स्थित नवोदय विद्यालय के पास का बताई जा रही है। आरोप है कि नवोदय विद्यालय के पीछे खाली मैदान में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है, जबकि बीते 25 नवंबर को ही पुलिस ने इसी जगह पर छापामार कार्रवाई कर हुए 130 नग से अधिक देशी शराब जब्त की थी। पुलिस ने भी यह माना था कि यहां मिनी शराब भट्ठी संचालित है, जिस पर कार्रवाई की गई। सूत्रों की माने तो पुलिस की कार्रवाई के कुछ दिनों बाद शराब की अवैध बिक्री का कारोबार कुछ दिनों तक बंद था, लेकिन वह फिर से शुरू हो गया है। इस बार शराब की अवैध बिक्री करते हुए किसी ने वीडियो बना लिया, जो वायरल हो रहा है।



## पीएम मोदी ने विद्यार्थियों को दिए परीक्षा में सफलता के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ब्लॉक मुख्यालय गुण्डरदेही के बैडमिंटन हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्कूली बच्चों से संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थी तथा अन्य शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित हुए। परीक्षा पे चर्चा 2024 का आयोजन कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू हुआ, इस दौरान पीएम मोदी ने छात्रों से बोर्ड परीक्षा पर बातचीत की और उन्हें तनाव मुक्त होने का मंत्र भी दिया। छात्रों के साथ बातचीत में पीएम मोदी ने परीक्षा की तैयारी की चुनौतियों से निपटने के लिए टिप्स दिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर के साथ सांसद प्रतिनिधि दयाराम सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन यादव तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते सात सालों से स्कुली बच्चों से परीक्षा के पुर्व चर्चा कर उनके मन से परीक्षा का भय दुर कर उनमे आत्मविश्वास पैदा करने का कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा दिए जा रहे टिप्स बच्चों के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं। उनके द्वारा बच्चों के प्रश्नों के समाधान किया जा रहा है, जिससे बच्चों के मन से परीक्षा को लेकर तनाव भी कम हो रहा है।



### खुटेरी स्कूल विद्यार्थियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम



**बालोद/सिकोसा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा विषय पर देशभर के विद्यार्थियों के साथ वर्चुअल लाइव प्रसारण को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी में भी प्रसारित किया गया। इसके लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री द्वारा तनाव मुक्त एवं भय मुक्त वातावरण में परीक्षा की तैयारी करने के लिए टिप्स दिए गए, जिसे छात्र–छात्रओं ने बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना। इस अवसर पर नागरिक, संस्था स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्राचार्य श्वेता पांडे, धेनुषा साहू, रोशनी नेताम, विनीता मिश्रा, शिल्पी डे, पुष्पलता साहू, ज्योति महनदिया, आरके वैद्य, जेआर साहू, यूके देशमुख, एचएल ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

### ऑनलाइन एप से नवीनीकरण की सुविधा

## राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य शुरू होते ही सर्वर हुआ डाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य शुरू होते ही लोगों की भीड़ और क्षमता से अधिक लोड की वजह से सर्वर डाउन होने की समस्या सामने आ रही है, जिसकी वजह से हितग्राहियों को खासी दिक्कत हो रही है।

आम जनता की सुविधा के लिए घर बैठे ऑनलाइन एप से राशनकार्ड नवीनीकरण की सुविधा का विकल्प है, पर इसके लिए संबंधित कार्डधारक का मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड होना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर उसे राशन दुकान जाकर या शिविर में जाकर नवीनीकरण कराना पड़ रहा है, कुछ वार्ड ऐसे हैं, जहां अब तक वार्ड स्तर पर शिविर नहीं लग पाया है। आपको बता दें कि पूर्व के कांग्रेस सरकार के समय राशन कार्ड नवीनीकरण में पूर्व मुख्यमंत्री और खाद्य मंत्री का फोटो लगा हुआ था, लेकिन वर्तमान में अब भाजपा की सरकार प्रदेश में बन गई है। ऐसे में राशन कार्ड में पूर्व सीएम और खाद्य मंत्री की फोटो हटा कर वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खाद्य मंत्री की तस्वीर राशन कार्ड में लगाए जाने की चर्चा है। इसी नवीनीकरण कार्य को कराने लोगों को शिविरों से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों व राशन दुकानों तक चक्कर लगाना पड़ रहा है, इसी के साथ ही सर्वर डाउन होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।





### 15 फरवरी तक फार्म भरने का अंतिम दिन

जिला खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार समस्त राशन कार्ड हितग्राहियों को नवीनीकरण के लिए 15 फरवरी तक फार्म भरकर जमा करना होगा। जानकारी के अनुसार 15 फरवरी तक फार्म भरकर पूरा होते ही 29 फरवरी तक जिले में नए राशन कार्ड का वितरण पूर्ण किया जाना है। हालांकि 15 फरवरी तक कोई भी हितग्राहि किसी कारणवश फार्म भरकर जमा नहीं कर पाया तो उनका फार्म 15 फरवरी के बाद भी जमा कर सकते हैं।

## जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कल

**बालोद।** जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में 31 जनवरी को दोपहर 01 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्टैंड अप इंडिया और अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति आदि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सर्व संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा बैंकर्स को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# उधार की 'शह-मात', नैक टीम को दिखाने मांगकर ले आए शतरंज सहित खेल सामग्री, अब सब गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि जो ना करे, वह कम है। पिछले वर्ष नैक ग्रेडिंग के लिए यहां टीम आई। निरीक्षण पर आई टीम को दिखाने के लिए रविवि ने स्टूडेंट क्लब खोल दिया। यहां छात्रों के लिए इंडोर गेम्स की व्यवस्था की गई। इसमें शतरंज से लेकर कई करह की खेल सामग्री शामिल रही। टीम चली गई तो समान भी समेट लिया गया। सूत्रों के अनुसार, रविवि के खेल विभाग से उपरोक्त सामग्री लाकर यहां रखी गई थी। टीम के निरीक्षण के बाद खेल सामग्री भी वापस लौटा दी गई है। अब यहां सन्नाटा पसरा हुआ है। स्टूडेंट क्लब के नाम पर सिर्फ टेबल और कुर्सी हैं, जो धूल खा रही हैं।

अलग खबर

## अब यहां पसरा है सन्नाटा, जुलाई माह में आई थी नैक टीम, मिला था बी ग्रेड

**रविवि ने शुरू किया था स्टूडेंट क्लब, इसमें छात्रों को दी गई थी इंडोर गेम्स की सुविधा**




### समोसे वाला भी गायब

कोरोना काल से बंद रविवि के कैंटिन में अब तक ताला लटका हुआ है। टीम जब दौरे पर आई तो यहां भी अस्थायी रूप से समोस वालों को बुलाकर कैंटिन चालू कर दी गई। टीम के जाने के बाद यहां फिर से ताला लटक गया है। रविवि द्वारा कई बार कैंटिन के लिए टेंडर निकाला जा चुका है, लेकिन अब तक प्रबंधन को इसके संचालन के लिए योग्य व्यक्ति नहीं मिला है। इसके पूर्व इंडियन कॉफी हाऊस द्वारा यहां कैंटिन का संचालन किया जाता था। कॉफी हाऊस ने घाटे का हवाला देते हुए अपनी ब्रांच यहां बंद कर दी थी।

### सामग्री उपलब्ध है

सभी खेल सामग्री उपलब्ध है। यदि छात्र आते हैं तो उन्हें उपलब्ध कराएंगे।
-प्रो.राजीव चौधरी, जनसंपर्क अधिकारी, रविवि

स्टूडेंट क्लब प्रशासनिक भवन के पहले माले में बनाया गया है। माइग्रेशन, अंकसूची सुधार सहित कई अन्य कार्यों के लिए आने वाले छात्रों को कई बार घंटों इंतजार करना पड़ता है। इनमें से अधिकतर छात्र लाइन में ही खड़े होकर इंतजार करते नजर आते हैं। गौरतलब है कि रविवि में नैक की टीम पिछले वर्ष निरीक्षण के लिए पहुंची थी। विवि को बी ग्रेड हासिल हुआ था। इसके पूर्व रविवि ए ग्रेड विवि था। अपनी रिपोर्ट में नैक ने रविवि द्वारा छात्रों को दी जा रही सुविधाओं को लेकर असंतुष्टि जताई थी।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम ने शंकराचार्य महाराज से लिया आशीर्वाद



रायपुर। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को श्री सुदर्शन संस्थानम रावांभाठा पहुंचकर पुरी पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने पिछले कांग्रेस सरकार और वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की। डिप्टी सीएम ने शंकराचार्य महाराज से दिशा-निर्देश लेकर भाजपा सरकार में रोहिंग्या एवं नक्सलवादियों पर विशेष कार्यवाही करने की बात कही।

### डॉ. पुरुषोत्तम को छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान



रायपुर। गणतंत्र दिवस एवं सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड सिलतरा के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इसी दौरान सीएमडी कमल सारडा ने वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में संजीव अग्रवाल, विवेक चौधरी, उज्जवल पाटनी, सुरेंद्र लांजेवार, उमेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

### संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारी महती जिम्मेदारी : विधायक मिश्रा



रायपुर। मकर संक्रांति एवं पोंगल के शुभ अवसर पर अरुंधति तेलुगू मोची पंचायत विकास समाज द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम काशीराम नगर तेलीबांधा स्थित शीतला माता मंदिर सामाजिक भवन में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में सामाजिक लोगों के अलावा अन्य भी शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि रायपुर नगर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि हमारी सामाजिक अवधारणा ही है, जिसकी वजह से हमारी संस्कृति अखंड है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखने की जिम्मेदारी हमारी है, इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को विरासत के तौर पर अपनी संस्कृति प्रदान करें, उन्हें अपनी संस्कृति का पूरा ज्ञान दें। समारोह के दौरान तेलुगू पंचायत के पदाधिकारियों ने विधायक श्री मिश्रा का पुष्पाहार से स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### इंडिया गठबंधन से रायपुर लोस सीट सपा को दी जाए

रायपुर। पिछले 40 सालों से अधिक समय से रायपुर लोकसभा सीट हमेशा भाजपा जीतती आ रही है। इस बार इंडिया गठबंधन के तहत यह सीट समाजवादी पार्टी को दी जाए तो निश्चित रूप से यह सीट सपा जीत सकती है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव मनीष श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. पुरुषोत्तम सोनवानी, सपा जिलाध्यक्ष सतीश निर्मलकर, प्रदेश सचिव सैय्यद फारूख और सपा नेता मनीष श्रीवास्तव का कहना है, वर्तमान सपा अध्यक्ष नवीन गुप्ता रायपुर के राजनीति में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते हुए अनेक घोषणापत्र जारी कर निर्दलीय और सपा से चुनाव लड़ते आ रहे हैं।

## विशेषज्ञों का दावा- परेशानियों से हो रहे जल्दी हताश, तात्कालिक आवेश भी कारण

# कम हो रही सहनशक्ति... सालभर में छग में 629 ने किया सुसाइड अटेम्प्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीवन में आने वाली विपरीत परिस्थितियों से जूझने लोगों की सहनशक्ति कम होने लगी है। परेशानियों से जल्दी हताश होकर ऐसे लोग आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। राज्य में पिछले साल आत्महत्या की कोशिश के 629 मामले सामने आए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कम समय में अधिक पाने की चाहत में लोग मानसिक अवसाद के शिकार हो रहे हैं और तात्कालिक आवेश में आकर आत्मघाती कदम उठा रहे हैं।

108 संजीवनी सेवा की मदद से सालभर में 629 लोगों को अस्पताल तक पहुंचाया गया, मगर इस अनुमान से इनकार नहीं किया जा रहा है कि आत्मघाती कदम उठाने वालों की संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती है। सही समय पर अस्पताल पहुंचने की वजह से इनमें से कई लोगों की जान बचा ली गई, मगर कुछ प्रकरणों में देर हो गई। राज्य में आत्महत्या के मामलों में पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बेहद मामूली बातों पर उपजे विवाद अथवा कारणों पर लोग अपना जीवन समाप्त करने जैसा बड़ा कदम उठा लेते हैं। हरिभूमि ने आत्महत्या की कोशिश के मसले पर मनोचिकित्सकों से आत्मघाती कदम उठाने के कारणों को जानने का प्रयास किया। विशेषज्ञों का तर्क है कि जल्दी पाने की इच्छा में लोगों की सहनशक्ति कम हो रही है। सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक परेशानियों का समाधान खोजने के बजाय लोग अवसाद में घिर जाते हैं और आक्रोशित होकर जीवन की समाप्ति को इसका हल समझने लगते हैं।

### कम समय में अधिक पाने की चाहत बन रही मानसिक अवसाद की प्रमुख वजह



**आंकड़ों में आत्मघाती कदम**

| माह | संख्या |
|---|---|
| जनवरी | 83 |
| फरवरी | 58 |
| मार्च | 84 |
| अप्रैल | 48 |
| मई | 56 |
| जून | 57 |
| जुलाई | 52 |
| अगस्त | 36 |
| सितंबर | 31 |
| अक्टूबर | 44 |
| नवंबर | 43 |
| दिसंबर | 47 |

**खास बातें**

- 108 संजीवनी सेवा की मदद से सालभर में 629 लोगों को अस्पताल तक पहुंचाया गया
- सही समय पर अस्पताल पहुंचने की वजह से इनमें से कई लोगों की जान बचा ली गई
- आंकड़ों के मुताबिक 20 से 30 साल के युवा परेशानियों को लेकर इस तरह का रास्ता चुनते हैं

### रोकी जा सकती हैं 80 फीसदी घटनाएं

मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञ डीएस परिहार के मुताबिक आत्महत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। लोग मामूली बातों को लेकर इस तरह का आत्मघाती कदम उठाते हैं। परिवार, समाज के लोगों को जिम्मेदारी होती है कि किसी के व्यवहार में अगर बदलाव आ रहा है तो उसे गौर करें, इससे 80 फीसदी प्रकरणों को रोका जा सकता है।

### समाधान खोजने की जरूरत

जिला अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक के मनोचिकित्सक अविनाश शुक्ला के मुताबिक आत्महत्या जैसे कदम उठाने के बजाय लोगों को होने वाली परेशानी का समाधान खोजने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए परिवार अथवा साथियों की मदद ली जा सकती है। परेशानी फिर भी कम नहीं हो रही है तो मनोचिकित्सक से सलाह ले सकते हैं।

### मेडिटेशन से निकल सकता है हल

मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञ अमब्रिन रहमान के मुताबिक मानसिक समस्या का हल मेडिटेशन से संभव है। भागदौड़ की जिंदगी में लोगों के लिए तनाव आम बात होती है। इसे लेकर किसी तरह का आत्मघाती कदम उठाना हल नहीं है। लोगों को नियमित रूप से मेडिटेशन को अपनाना चाहिए, जिससे वे संतुलित जीवनशैली अपना सकते हैं।

### प्राथमिक स्तर पर उपचार

विशेषज्ञों की मानें तो बदलती जीवनशैली में मानसिक अवसाद की शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसे रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर भी बड़े प्रयास की आवश्यकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मनोचिकित्सकों की नियुक्ति कर वहां ऐसे लोगों की काउंसिलिंग, उपचार और जरूरी दवा की व्यवस्था की जानी चाहिए।

### मौसम नहीं होती वजह

अक्सर ये बातें सामने आती रहती हैं कि गर्मी के दिनों यानी मार्च अप्रैल के महीने में आत्महत्या के मामले बढ़ जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मौसम का इस मामले से कुछ लेना-देना नहीं होता। यह समय वित्तीय वर्ष की समाप्ति का होता है, इसके अलावा परीक्षाओं का दौर चलता है और लोगों में तनाव अधिक होता है, इसलिए घटनाएं बढ़ जाती हैं। केंद्रीय आंकड़ों के मुताबिक 20 से 30 साल के युवा अपनी परेशानियों को लेकर इस तरह का रास्ता चुनते हैं।

## सालभर से अटका जमीन का सीमांकन

# आत्मानंद स्कूल को मंजूरी पर नई बिल्डिंग नहीं बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम सीमा में दो साल पहले शासन के आदेश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने क्षेत्र में पहला स्वामी आत्मानंद विद्यालय शुरू किया। इसके बाद से ही विद्यालय संचालन के लिए नई बिल्डिंग बनाने जमीन जांच व सीमांकन रिपोर्ट देने दिशा-निर्देश जारी किए गए। सालभर पहले जमीन खाली कराने की कवायद के बाद जिम्मेदारों ने जमीन सीमांकन की प्रक्रिया अटका दी। इससे अभी तक नई बिल्डिंग बनाने जमीन की रिपोर्ट ही अटकी है। सरकार की अनुशंसा के 14 महीने पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने लोक निर्माण विभाग से 7.52 करोड़ का प्रस्ताव बनवाने के बाद शासन को भेज दिया है। इसे आकार देने के लिए बिलासपुर मुख्य मार्ग से महज 300 मीटर की दूरी पर पटवारी रिकार्ड में सरकारी जमीन मिलने की बात कही गई, लेकिन अभी तक उक्त जमीन की रिपोर्ट जिम्मेदारों ने प्रशासन को नहीं भेजी है। इससे क्षेत्र की डेढ़ लाख से ज्यादा की आबादी वाले इलाके में अभी तक नई बिल्डिंग निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पाई है। इससे सर्व सुविधायुक्त स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय की नई बिल्डिंग निर्माण का पेंच फंसा हुआ है। दो साल से आत्मानंद स्कूल का संचालन कॉलेज की बिल्डिंग में किया जा रहा है, जहां बच्चों को स्कूल जैसा माहौल नहीं मिल रहा है। इसे देखते हुए शासन स्तर पर नई बिल्डिंग बनवाने तैयारी की गई, जो अधर में अटकी हुई है।




### बिल्डिंग में होंगी ये सुविधाएं

स्वामी आत्मानंद स्कूल की नई बिल्डिंग में 16 क्लास रूम, लैब के लिए चार कमरे भी प्रस्तावित है। एक लाइब्रेरी के साथ ही एक स्मार्ट क्लास रूम भी बनाया जाना है। बिल्डिंग में प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम के साथ ही ढाई एकड़ एरिया को कवर करने के लिए बाउंड्रीवॉल भी बनाई जाएगी। इसके अलावा कैम्पस में लाइट और पेवर ब्लॉक भी लगाए जाएंगे। बिल्डिंग को स्वामी आत्मानंद स्कूलों की तर्ज पर ही आकर्षक बनाया जाना है।

### खाली जमीन की रिपोर्ट नहीं

शासन की मंशा और पूर्व विधायक की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी से नई बिल्डिंग बनाने पर होने वाले खर्च का ब्योरा भी तैयार कराया गया है। इसे अभी तक सिर्फ जमीन खाली नहीं होने की वजह से फंड नहीं मिल पाया है। जमीन पर बसे हुए परिवारों को विस्थापित करने के बाद जमीन खाली होने की रिपोर्ट बिरगांव निगम से मिलने पर उसे शासन को भेजना होगा।

### पत्र व्यवहार पर देंगे रिपोर्ट

स्वामी आत्मानंद विद्यालय के लिए आरक्षित जमीन तो खाली है। उसके आसपास से कब्जा हटाने के बाद बाउंड्री करा दी गई है। संबंधित विभाग जब जमीन की सीमांकन रिपोर्ट के लिए पत्र व्यवहार करेंगे तो उन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी।
- बृजेश सिंह क्षत्रिय, आयुक्त, ननि बिरगांव

## निवेशकों को 8 फीसदी ब्याज देने की योजना

# तीन प्रोजेक्ट के लिए निगम ने भेजा 200 करोड़ के ग्रीन बांड का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदौर शहर की तर्ज पर रायपुर नगर निगम ग्रीन बांड बेचकर 200 करोड़ रुपए जुटाएगा। बांड बेचकर जुटाई गई राशि से राजधानीवासियों को 3 नई सुविधाएं देने प्रोजेक्ट धरातल पर लाए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, योजना के मुताबिक बांड में निवेश करने वालों को नगर निगम 8 फीसदी के हिसाब से ब्याज देगा। स्वीकृति मिलने का इंतजार है। रायपुर नगर निगम अपनी आय के अतिरिक्त स्त्रोत जुटाने 3 बड़े प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने की तैयारी में है। केंद्र सरकार की योजना के मुताबिक 2023-24 के 200 करोड़ के नान कन्वर्टिएबल डिबेंचर्स के रूप में म्यूनिसिपल बांड जारी करेगा। इसके लिए मालवीय रोड स्थित नगर निगम की पुरानी जगह पर 60 करोड़ की लागत से बहुमंजिला पार्किंग परिसर का निर्माण कराने, भैंसथान स्थित नगर निगम की जमीन पर 55 करोड़ रुपए की लागत से व्यावसायिक परिसर और लाखेनगर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सह व्यावसायिक परिसर निर्माण के लिए 25 करोड़ की योजना बनाई गई है।



### भेजा है प्रस्ताव

इंदौर शहर की तर्ज पर हमने 200 करोड़ का ग्रीन बांड जारी करने राज्य शासन के पास प्रपोजल भेजा है। बांड से मिलने वाली राशि अलग-अलग प्रोजेक्ट पर खर्च की जाएगी। इससे एक तरफ जहां नगर निगम को अतिरिक्त आय का स्त्रोत मिलेगा, वहीं दूसरी ओर राजधानीवासियों को जनहित में नई सुविधा मिलेगी।
- अबिनाश मिश्रा, आयुक्त, ननि रायपुर

## देर रात की घटना

# कार तेज चलाने को लेकर विवाद, दो पक्षों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाने में कार चलाने के विवाद में दो पक्षों ने एक-दूसरे खिलाफ मारपीट, घर और कार में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मारपीट की घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य फरार हैं। पुलिस ने जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें से दो के खिलाफ मौदहापारा थाने में मारपीट करने का अपराध पूर्व में ही दर्ज है। पुलिस के मुताबिक खम्हारडीह, विरासत अपार्टमेंट में रहने वाले संतोष जैन ने अतीब, अनस बाउला तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया कि 26 जनवरी रात पौने 12 बजे के करीब अवंति विहार, जैतखंब के पास कार स्पीड से चलाने के विवाद में अतीब तथा उसके साथी विवाद करते हुए उनके अपार्टमेंट में जबरन घुस गए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर बदमाशों ने अपने हाथ में रखे जैक तथा रॉड से उस पर हमला कर कार में तोड़फोड़ की। अतीब बाउला ने संतोष तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

# मृत बाघ छत्तीसगढ़ या ओडिशा का? दो राज्यों के वन अफसर अपना होने का दावा कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल के गोमर्डा अभयारण्य में बाघ का करंट से शिकार करने की घटना सामने आने के बाद ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के वन अफसरों के अपने-अपने दावे सामने आ रहे हैं। ओडिशा वनमंडल के अफसर मृत बाघ को अपना होने का दावा करते हुए राज्य के वन अफसरों पर बाघ को नहीं बचा पाने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन पूर्व में कह चुके हैं कि ओडिशा के जंगल से गोमर्डा पहुंचा बाघ उनके वनक्षेत्र का है, जो भटककर ओडिशा के जंगल से होते हुए गोमर्डा पहुंच गया था। गौरतलब है बाघ शेड्यूल-1 प्रजाति का वन्यजीव है।

- छत्तीसगढ़ में बाघ की करंट से मौत होने से गोमर्डा में पहला मामला



### डब्ल्यूआईआई के डेटा से होगी पुष्टि

वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) के पास पूरे देश में छह हजार जीवित तथा मृत बाघों की डेटा रिपोर्ट है। बाघ छत्तीसगढ़ का है या ओडिशा का? इस बात की पुष्टि डब्ल्यूआईआई के डेटा मिलान से हो सकती है। इसकी पहचान ट्रैप कैमरे में कैद बाघ के शरीर की धारियों का मिलान करने से होगी।

### जांच करने एनटीसीए की टीम पहुंची

गोमर्डा में बाघ की शिकार की घटना की जानकारी मिलने के तत्काल बाद एनटीसीए की टीम घटना की जांच करने घटनास्थल पर पहुंची। एनटीसीए की टीम ने बाघ की मौत को लेकर वन अफसरों से रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। एनटीसीए ने पूरे वनक्षेत्र के भूगोल की जानकारी लेने के साथ वहां के वन्यजीवों के बारे में जानकारी ली है।

### एक सप्ताह बाद जागे विभागीय अफसर

वन अफसरों के दावों के मुताबिक बाघ गोमर्डा तथा ओडिशा के वनक्षेत्र में विचरण कर रहा था, तब बाघ का डे टू डे लोकेशन ट्रेस किया जा रहा था। ऐसे में सवाल उठता है, 5 जनवरी के बाद बाघ की लोकेशन ट्रेस नहीं होने के बाद वन विभाग के अफसरों ने उसे ट्रेस करने की कोशिश क्यों नहीं की। एक सप्ताह बाद वन अफसरों ने अपने मुखबिरों की मदद से बाघ के बारे में जानकारी जुटाई, तब 10 दिन बाद 24 जनवरी को वन अफसरों को बाघ का शिकार होने की जानकारी मिली।

## अब अगले माह बैठक कर तय किए जाएंगे नए चुनाव अधिकारी

# तीन और चुनाव अधिकारी तय न होने से अटका सराफा का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव के लिए आमसभा के 21 दिनों बाद भी तीन और चुनाव अधिकारी तय न होने के कारण चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। आमसभा में फैसला किया गया था कि चुनाव कराने के लिए पांच चुनाव अधिकारी रखे जाने हैं। दो चुनाव अधिकारी पहले से तय हैं, अब तीन और चुनाव अधिकारियों का चयन किया जाना है। इसके लिए अब अगले माह कभी भी बैठक कर इनके नाम तय करने की तैयारी है। इसके बाद ही चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हो सकेगी। एसोसिएशन के इतिहास में दूसरी बार मतदान से चुनाव होगा। इसके पहले करीब साढ़े सात पहले बिलासपुर में मतदान से चुनाव हुआ था। चुनाव में 79 संघों के 237 पदाधिकारी मतदान करेंगे।



सराफा एसोसिएशन का चुनाव हर तीन साल में होता है। इस बार करीब डेढ़ साल के विलंब के बाद चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के लिए राजधानी रायपुर में 7 जनवरी को आमसभा रखी गई थी। इसमें पहले से ही तय था कि भारी घमासान होगा। हरिभूमि ने पहले ही इस बात की संभावना जताई थी कि इस बार किसी भी हाल में सर्वसम्मति से चुनाव नहीं होगा, हुआ भी ठीक ऐसा है। आमसभा में 9 घंटे तक बहस चलती रही और बिलासपुर से अध्यक्ष पद के दावेदार कमल सोनी और उनके समर्थकों ने जमकर विरोध किया और चुनाव पूरी प्रक्रिया से कराने की मांग रखी। अंत में तय किया गया कि चुनाव पूरी प्रक्रिया के तहत ही बाद में कराएं जाएंगे।

### पांच संभागों से बनेंगे चुनाव अधिकारी

चुनाव की प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए पांच संभागों से चुनाव अधिकारी रखे जाएंगे। पहले जो चुनाव अधिकारी रखे गए हैं। एक चुनाव अधिकारी रायपुर संभाग से रायपुर के मंगेलाल मालू और दूसरे दुर्ग संभाग के राजनांदगांव के उमेद मल कोठारी हैं। अब तीन और चुनाव अधिकारी बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग से बनाए जाएंगे। इनका चयन भी सर्वसम्मति से होगा। इनका चयन करने के लिए प्रदेश के सराफा संघों के पदाधिकारियों की बैठक होगी। इसमें नामों के प्रस्ताव के बाद सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारियों का चयन होगा।

### पूरी प्रक्रिया से होगा चुनाव

एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल बरड़िया ने बताया, आमसभा में हुए फैसले के मुताबिक तीन और चुनाव अधिकारियों का चयन किया जाना है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और फिर 26 जनवरी के कारण सभी व्यस्त थे। अब बैठक करके चुनाव के लिए बचे तीन चुनाव अधिकारियों का चयन करने के बाद चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। इसमें तीन पदों के लिए नामांकन होगा, इसके बाद नाम वापसी होगी और अंत में जो प्रत्याशी मैदान में रहेंगे, उनका मतदान के साथ तय तिथि पर चुनाव होगा। एक माह के अंदर चुनाव कराने का प्रयास रहेगा। एक संघ के तीन पदाधिकारी मतदान करेंगे। 79 संघों का इस समय पंजीयन है।

# हसदेव ताप विद्युत संयंत्र को सर्वश्रेष्ठ ताप गृह का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने 210 मेगावाट हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की 210 मेगावाट इकाई-2 को इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार प्रदान किया।

चेयरमैन पी. दयानंद ने इस यूनिट को तीन लाख का पारितोषिक व प्रमाणपत्र प्रदान किया। छह कर्मियों और केंद्रीय कार्यालय स्तर पर सात कर्मियों को उत्कृष्ट पदक देकर सम्मानित किया गया। स्पेशल एक्सीलेंस अचीवमेंट अवार्ड कार्यपालक निदेशक एके पाण्डेय तथा कैशलेस स्वास्थ्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) के पद पर कार्यरत विनोद अग्रवाल सहित उनकी टीम के कोर 5 सदस्यों को सम्मानित किया गया।

बेस्ट परफार्मेंस के लिए पांच संभागों को 50-50 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें इस वर्ष न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर का पुरस्कार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग बिलासपुर को दिया गया। सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग बलौदाबाजार को प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप



### गायत्री यज्ञ में शामिल हुए पुष्पेन्द्र

**बालोद।** पुष्पेन्द्र चन्द्राकर के जिला पंचायत क्षेत्र बरबसपुर, बोरहगन में रामायण प्रतियोगिता के साथ गायत्री महायज्ञ पांच कुण्डलीय कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर थे।

### कर्मेल प्रार्थना जन सेवा समिति ने कराया जलपान



**बालोद/सिकोसा।** गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्मेल प्रार्थना जन सेवा समिति द्वारा ग्राम सिकोसा में ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क चाय व नास्ते का स्टॉल लगाकर जलपान कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासियों ने चाय नाश्ता किया। इस अवसर पर समिति के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष युवराज मारकंडे, उपाध्यक्ष टोमन भारती, कोशाध्यक्ष सीमा मारकंडे, सचिव रोहिणी मारकंडे, सह सचिव टोमन भारती, दीपक मारकंडे, भोज बाई मारकंडे, रेखा भारती, शिवानी, रानू, कावेरी, मधुमति, जगमोहन भारती समेत समिति के सदस्य, ग्रामवासी भूषण बारले, डामन लाल, करण मारकंडे और कुछ महिलाएं भी उपस्थित थीं। समिति द्वारा गांव, समाज और देश की उन्नति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### अलका ने महिला कांग्रेस को सशक्त बनाने पर दिया जोर



**गुरूर।** धमतरी में जिला स्तरीय महिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और साथ में बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा, महिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम की उपस्थिति रही। इस सम्मेलन का आयोजन महिलाओं में खासकर महिला कांग्रेस को सजग और सशक्त बनाने के लिए किया गया था।इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव कैसे लड़ा और जीता जाए, इस संबंध में अलका लांबा ने टिप्स दिए। उपरोक्त कार्यक्रम में धमतरी जिला महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष समस्त महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, प्रखर महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस भवन धमतरी में किया गया।

### राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन लेने लगाया गया शिविर

**गुण्डरदेही।** प्रदेश में 25 जनवरी से राशन कार्ड का नवीनीकरण किया जा रहा है, जो 15 फरवरी तक चलेगा। इसके तहत नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा 29 जनवरी से 1 फरवरी तक वार्ड वार शिविर लगाकर राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन लिया जा रहा है। 29 जनवरी सोमवार को नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा नगर के वार्ड एक से चार वार्ड तक दो स्थानों में शिविर लगाया गया, वार्ड वासियों को राशन कार्ड नवीनीकरण हेतु मोबाईल एप के माध्यम से नवीनीकरण करने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है। गुण्डरदेही नगर पंचायत सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा ने बताया कि 25 जनवरी से 15 फरवरी तक नवीनीकरण के लिए हितग्राहियों से आवेदन लेने की समय सीमा है, उसके बाद 29 फरवरी तक हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया जाएगा।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कल

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 31 जनवरी को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

## पहल : श्रद्धा और पर्यटन का केन्द्र है अंचल

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में आज कबड्डी और मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नारागांव में आज चार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में एक दिवसीय कबड्डी और मैराथन दौड़ के साथ ही विभिन्न लोक क्रीड़ा प्रतियोगिता और सम्मान समाहरोह का आयोजन किया गया है।

जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर ग्राम नारागांव जिले में एक विशेष पहचान रखती है, इस गांव के जंगल पर स्थित मां सियादेवी का मंदिर आस्था और प्रकृति का अनूठा संगम स्थल है। जहां पर रोजाना सैकड़ों सैलानियों की भीड़ लगी रहती है, जिसकी जिले में एक अलग पहचान है। वहीं नारागांव चार स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की जन्मभूमि भी है, जिनकी समाधी स्थल आज भी लोगों को उनकी कुर्बानियों की याद दिलाती है। नारागांव के चार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने पंडित सुंदरलाल शर्मा के साथ सन-1930 में रायपुर में मिलकर आंदोलन किया था। जिसके बाद रायपुर से वापस आकर धमतरी जिले के रुद्री में जंगल सत्याग्रह आंदोलन इन सवतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जारी रखा था। इस आंदोलन के दरमियान अंग्रेजों ने पंडित सुंदरलाल शर्मा को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद अंग्रेजों द्वारा इन चार आंदोलनकारियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिन्हें अंग्रेजों के शासनकाल में दुर्ग जेल में रखा गया था। जिनमें नारागांव के चार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुकालू राम करियाम, बिसाहू गावड़े, सुरजूराम मंडावी, पीताम्बर मंडावी शामिल थे।



### कबड्डी का आयोजन

एक दिवसीय कबड्डी का आयोजन आज रखा गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये और विनर कप, दूसरा पुरस्कार 7001 रूपये और विनर कप, वहीं तीसरा पुरस्कार 5001 रूपये नगद और विनर कप तथा चौथा पुरस्कार 3001 रूपये नगद और विनर कप प्रदान किया जाएगा।

### 7 किमी की मैराथन दौड़

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में सांकरा (क) से नारागांव पटेल मैदान तक 7 किलोमीटर का मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। जिसमें 18 वर्ष से अधिक युवा भाग ले सकतें है। दौड़ सुबह 8 बजे सांकरा से आरम्भ होगा, वहीं भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को चार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मृति ईनाम प्रदान किया जाएगा।

# जामगांव आर के निवासियों ने किया श्री राम नाम का रसपान



**जामगांव आर।** तीन दिवसीय रामायण प्रतियोगिता जामगांव आर में 26 से 28 जनवरी तक रामायण समिति अध्यक्ष कीवेश चंद्राकर की युवा टीम एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हुआ।

तीनों दिन मानसगान प्रारंभ होने के पहले स्थानीय मंडली सौरभ राठी, डेनिश साहू, राहुल, कुलदीप, सन्नी साहू, अंगेशवर साहू, लक्की निर्मलकर, परमजीत साहू, चंद्रहास कौशिक, कोनाल, कुलदीप, दीपक यादव की भजन से नगर भक्ति से सराबोर होता रहा।

संचालन मानस मर्मज्ञ संतोष यदु, राहुल, कुलदीप ने किया। निर्णायक संगीत पक्ष कमल किशोर चंद्राकर, भनसूली, व्याख्या पक्ष रमाकांत जामगांव आर थे। निर्णायको ने प्रतिभा क्रम प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किए। पुरुष वर्ग से चौनगंज और महिला वर्ग से नहर खपरी प्रथम रहे। पुरुषवर्ग से कृष्णा मानस मंडली चैनगँज प्रथम, श्रीराम किंकर मानस परिवार अहिवारा द्वितीय, जय जगत आजाद मानस परिवार आलेखुटा तृतीय, शक्ति संगम मानस परिवार भिंमभोरी चतुर्थ, नूतन मानस परिवार धौराभाठा पंचम स्थान पर विजेता घोषित किए गए। महिला वर्ग से सुनीर बालिका मानस परिवार प्रथम, विंध्यवासिनी बालिका मानस परिवार बोडरा द्वितीय, गौरी महिला मानस मंडली रेंगाकथेरा तृतीय, जय सीताराम बालिका मानस परिवार भोथली चतुर्थ, ज्ञान सरोवर महिला मानस परिवार खर्रा को पंचम पुरस्कार मिला। गायन में नवदुर्गा रामायण समिति आमगांव, व्याख्या में आदर्श मानस मंडली गोडेला, तबला में स्वरांजलि मानस परिवार रनचीराई, हारमोनियम में नवयुवक मानस मंडली गोढ़ी, वेशभूषा में बस्तरिहा मानस परिवार दल कोड़ो को नवाजा गया।भक्तिमय आयोजन का प्रारंभ पंडित मुकेश शुक्ला के मंत्रोच्चारण से हुआ।

# सीएम ने किया ओबीसी महासभा के वार्षिक कलैण्डर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर

- आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 में राज्यपाल के हस्ताक्षर के लिए सौंपा ज्ञापन

आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 में राज्यपाल के हस्ताक्षर के लिए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने महासभा के वार्षिक कैलेण्डर का भी विमोचन किया।

मुलाकात के दौरान ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की 100वीं जयंती पर भारत रत्न से नवाजे जाने पर केन्द्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ राज्य के बिष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। कर्पूरी ठाकुर की प्रदेश स्तरीय शताब्दी जयंती में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आग्रह किया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने हामी भरते हुए सकारात्मक सहमति प्रदान की है। मुख्यमंत्री को पूर्व में पारित आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 में राज्यपाल के द्वारा शीघ्र हस्ताक्षर किए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर ओबीसी महासभा के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया। इस दौरान राधेश्याम, परशुराम सोनी एवं महेश गौरव, युगल किशोर एवं किरण देवांगन, मनसुखदास एवं पुनेश्वर देवांगन, चंद्रजीत देवांगन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।



# भक्त प्रहलाद का चरित्र सभी के लिए प्रेरणा स्रोत : पं. कृष्णा

## धानापुरी में श्रीमद् भागवत के चौथे दिन प्रहलाद चरित्र की कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भक्त प्रहलाद का चरित्र युवाओं के लिए हमेशा से प्रेरणादायक है। पुत्र आस्थावान, गुणवान और ज्ञानवान हो तो माता–पिता के साथ गुरु भी गौरवान्वित और प्रफुल्लित महसूस करता है।

उक्त बातें ग्राम धानापुरी में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाते हुए पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है और बताता है कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकता। भयानक राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने अपनी ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी और सच्चे अर्थों में कहा जाए तो प्रहलाद द्वारा अपने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया गया। वर्तमान समय में युवा इस रास्ते से भटक रहे हैं, जिन्हें भक्त प्रहलाद के चरित्र का अनुशरण करना चाहिए। पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता कुमार्गगामी और दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए। प्रहलाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया और पिता को भी उसकी ओर आने के लिए प्रेरित किया। किंतु राक्षस प्रवृत्ति के होने के चलते हिरण्यकश्यप प्रहलाद की बात को कभी नहीं माना। ऐसे में भगवान नरसिंह द्वारा उसका संहार हुआ। उसके बाद भी प्रहलाद ने अपने पुत्र धर्म का निर्वहन किया। भारत देव भूमि है, यहां किसी भी मानव का जन्म अपना कल्याण कर लेने यानी जन्म–मृत्यु के चक्कर से छुटकारा पाने के लिए होता है। लेकिन माया के वश में आकर हम सब अपना मूल कार्य को भूल कर संसारिक भोग–विलासादि में फंस जाते हैं, जिसके कारण परेशानी होती है, कथा का रसपान कराते हुए युवाओं से अपील किया कि युवावस्था में ही अपना कल्याण का मार्ग पकड़ लेना चाहिए। अन्यथा बाद में पछताना पड़ता है।



# तहसील साहू सदन में हुआ ध्वजारोहण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

तहसील साहू सदन कोलिहामार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर तहसील साहू संघ कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू ने ध्वजारोहण कर वीर शहीदों को नमन किया। इसके पूर्व देश के महापुरुषों के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन पूजा-अर्चना किया गया। इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान कर भारत माता की जय घोष के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

श्री साहू ने कहा कि आज हम जिस मुकाम पर है, उनका श्रेय हमारे देश के वीर शहीदों को जाता है। जिन्होंने हमारे देश की आजादी के लिए अपनी प्राणों की आहुति दे दी। उनकी तपस्या बलिदान से ही आज देश आजाद हुआ है, उन महापुरुषों को हम सदैव नमन करते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामदयाल साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष भारत सार्वा योगेश साहू, बिसेलाल लाल साहू, कुबेर साहू, प्रभात महमल्ला, समाजसेवक जागेशवर साहू, टोमन साहू, जीवन साहू, पवन साहू, उमेश साहू, भूपेश साहू स्कूली बच्चे शिक्षक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नन्हे बच्चों की प्रस्तुति ने बटोरी ताली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

केन एकेडमी इंग्लिश स्कूल में सोमवार को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रारंभ हुआ। तहसीलदार हनुमंत श्याम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू भी विशेष रूप से मंचासीन थे।

प्रथम दिवस नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया। तहसीलदार हनुमंत श्याम ने कहा पढ़ाई नौकरी के लिए नहीं की जाती। पढ़ाई कर हम विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के दम पर समाज, राष्ट्र के हित में कार्य कर सकते हैं। पालकों को चाहिए कि वे लगातार अपने बच्चों के संवाद के साथ उनकी भावनाओं को समझें, उनकी प्रतिभा के अनुकूल उन्हें कार्य करने प्रेरित करें एवं मार्गदर्शन दें। बच्चे गीली मिट्टी की तरह है, शिक्षक व पालक उसे चाहे जो रूप दे दें।



# छात्रों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का लाइव टेलीकास्ट

**लाटाबोड़।** शाउमा विद्यालय बेलौदी के छात्रों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा के लाइव प्रसारण देखा। इसमें शाला के सभी बच्चे तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

परीक्षा पे चर्चा के उपरोक्त कार्यक्रम के माध्यम से पीएम श्री मोदी के द्वारा सभी बच्चों को परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहकर परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही शारीरिक रुप से मानसिक स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। अतः स्वास्थ्य के देखभाल के सम्बन्ध में बच्चों को जागरूक किया। उपरोक्त जानकारी शाला प्रभारी नरेन्द्र कुमार साहू व्याख्याता ने दी।





# उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन दुबे, अध्यक्ष, शैलदेवी महाविद्यालय अंडा थे। सर्वप्रथम उन्होंने देश के अमर शहीदों के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और झंडारोहण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण तथा उसकी अखंडता को बनाए रखने में युवाओं की एकजुटता व सहयोग महत्वपूर्ण है। एक अच्छे नागरिक होना, एक अच्छे विद्यार्थी, शिक्षक होना देश के विकास, उन्नति व उसकी संप्रभुता के लिए परम आवश्यक है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा, संयुक्तसंचालक डॉ. रजनी राय, उपप्राचार्य डॉ. रश्मि पांडे सहित सभी सहा. प्राध्यापक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के उत्कृष्ट कार्य के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा बी व सी सर्टिफिकेट प्राप्त सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक जितेश मिश्रा ने किया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

## खबर संक्षेप

### पिकारीपार को सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में किया गया सम्मानित



**गुरूर।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विकासखंड के ग्राम पंचायत पिकारीपार को सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए जिला प्रशासन ने सम्मानित किया। जिला पंचायत उपसंचालक आकाश सोनी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सरपंच चंदा साहू ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किया एवं ग्रामीणों का उत्साहवर्धन कर उनका हौसला बढ़ाया। इस कार्य में सरपंच चंदा शाह, सचिव मनीष ठाकुर व पंचों ने सामूहिक सहयोग के साथ कार्य किया। ग्राम पंचायत को मिले इस सम्मान से ग्राम में हर्ष व्याप्त है।

### धान खरीदी के नाम पर सरकार कर रही किसानों से छल : तोषण



**गुरूर।** सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है, धान खरीदी को दो दिन ही बचे हैं लेकिन अभी भी किसानों को 3100 रूपये के दर से भुगतान नहीं मिल रहा है। जबकि भाजपा ने सरकार बनने के पहले कहा था कि सरकार बनते ही एकमुश्त 3100 रूपये क्विंटल के दर से भुगतान करेंगे। जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू ने उक्त बातें प्रेस से चर्चा करते हुए कही। तोषण साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि अभी भी किसानों को मोटा धान का 2183 रूपये एवं पतला धान का 2203 रूपये के दर से भुगतान किया जा रहा है, जबकि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान 3100 रुपए क्विंटल के दर से भुगतान का वादा किया था। भाजपा सरकार लगातार किसानों का ध्यान भटकाने का कार्य कर रही है। विकास संकल्प यात्रा निकाल कर प्रशासन को उसमें झोंक दिया गया, जिससे प्रशासनिक कार्य बाधित हुआ, किसान भटकते रहे।

### दिल्लीवार आइडल गायन प्रतियोगिता 10 फरवरी को

**अंडा।** दिल्लीवार कुर्मी समाज के कवियों का कवि सम्मेलन 9 फरवरी को संध्या 6 बजे से ग्राम कोटगांव सर्किल कोड़ेवा में होगा। वहीं, 10 फरवरी को रात्रि 8 बजे से ग्राम कोटगांव सर्किल कोड़ेवा के दिल्लीवार समाज का वार्षिक अधिवेशन होगा। दिल्लीवार केन्द्रीय युवा कूर्मि क्षत्रिय समाज व सर्किल कोड़ेवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज के गायन क्षेत्र में रूचि रखने वाले बच्चे, युवक-युवती एवं महिला-पुरुष भाग ले सकते हैं। दिल्लीवार आइडल में गायन करौके के माध्यम से होगा। प्रवेश निःशुल्क रहेगा। फाइनल राउंड भी उसी दिन होना है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001 रूपए नकद, द्वितीय 10001 रूपए, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001 तथा पंचम पुरस्कार 1001 रूपए नकद प्रदान किया जाएगा। गायन के लिए आडिशन 4 फरवरी को सुबह 11 बजे से दिल्लीवार कुर्मी भवन सुभाष नगर दुर्ग में लिया जाएगा।

आयोजन : विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी की बातों को गंभीरता से सुना और अमल में लाने का लिया संकल्प

# शासकीय विद्यालय विनायकपुर में किया परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में परीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के निर्देशा अनुसार शैलेंद्र साहू ने लैपटॉप व प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले देशभर के स्टूडेंट्स को परीक्षा के तनाव को कम करने के टिप्स दिए। इस कार्यक्रम के जरिए 10वीं और 12वीं क्लास के स्टूडेंट्स को पीएम मोदी संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि जितना ज्यादा आप लिखेंगे उतनी ज्यादा शार्पनेस आएगी। परीक्षा कक्ष में कोई अन्य छात्र कितनी स्पीड से लिख रहा है, अगल-बगल में कौन क्या कर रहा है वो सब छोड़कर खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि दबाव पर हमें अपने तरीके से जीत हासिल करनी है, यह संकल्प करना है। बच्चों ने श्री मोदी की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और संकल्प लिया कि उनकी बातों को अमल में लाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षक भातेन्द्र कुमार गंगराले रोहित देशमुख देवश्री साहू मालती साहू उषा ठाकुर ममता तिवारी पूर्णिमा कोसले लीना जोशी मीनाक्षी नेताम प्रेमलता योगी देवांगन गुलशन चंद्राकर तरुण साहू एवं 10वीं एवं 12वीं के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।



### विकासखंड मुख्यालय में बच्चों ने देखा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**डौंडीलोहारा।** प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर होने वाले तनाव को दूर करने के लिये सीधा संवाद का प्रसारण विकासखण्ड स्तर पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला डौण्डीलोहारा में किया गया। इस दौरान विकासखंड मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों के लगभग 450 विद्यार्थियों, 55 अभिभावक व 50 शिक्षक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पोषण बनपेला, संदीप जैन, जसराज शर्मा, महावीर कलिहारी ने किया। प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान सोशल मीडिया और तकनीक पर निर्भरता के दुष्प्रभाव से कैसे बचें, छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों का संबंध, शारीरिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना, लिखकर अभ्यास करने पर जोर दिया। इसी तरह समय प्रबंधन के लिए जागरुक रहना, जीवन में प्रतिस्पर्धा जैसे कई बिन्दुओं पर प्रधानमंत्री ने विस्तृत चर्चा की। प्रसारण दिखाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के सफल संचालन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, संकुल समन्वयक समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# सेल ने 25 साल सेवा देने वाले कर्मचारियों का किया सम्मान

■ स्थापना दिवस के अवसर पर दल्ली राजहरा में हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा खदान समूह के अधिकारियों और कर्मचारियों का मुख्य महाप्रबंधक आईओसी राजहरा आरबी गहरवाल के हाथों राजहरा खदान समूह में 25 साल सेवा देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इनमें 6 अधिकारी और 104 कर्मचारी शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरबी गहरवाल मुख्य महाप्रबंधक माइंस आइओसी राजहरा सी श्रीकांत महाप्रबंधक विपिन कुमार महाप्रबंधक एमडी रेड्डी एजीएम पर्सनल सत्येंद्र कुमार डीजीएम इंचार्ज एम व्ही टी अमित कुमार सिन्हा एवं नीतीश छत्री उपस्थित थे। श्रमिक संगठन की ओर से कामरेड पुरुषोत्तम सीमैया कामरेड तिलक मानकर कामरेड राजेंद्र बेहरा कामरेड देवेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवाल ने कहा कि सेल को ऊंचाई पर पहुंचने के लिए आप लोगों के द्वारा किए गए समर्पण कभी भुलाया नहीं जा सकता। आप लोगों द्वारा अपनी पूरी जिम्मेदारी और तन्मयता से की गई सेवा के कारण ही आज भिलाई इस्पात संयंत्र भारत देश में उत्पादन की दृष्टि से सबसे बड़ा स्टील प्लांट बन गया है। आज भिलाई से निकलने वाली स्टील की मांग देश के साथ-साथ विदेशों में भी है। उन्होंने कहा कि हमारे भिलाई स्टील प्लांट से निकलने वाली 260 मीटर लंबी रेल पटरी का मुकाबला किसी भी स्टील प्लांट के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य उत्पादन तो है, लेकिन उत्पादकता के साथ-साथ सुरक्षा में भी आप लोगों ने बेहतर योगदान दिया है। इसके कारण हम शून्य दुर्घटना पर भी अपना लक्ष्य पा चुके हैं। स्वागत भाषण पर्सनल अधिकारी एमके रेड्डी ने दिया। मंच संचालन नारायण राव तथा धन्यवाद ज्ञापन संध्या रानी वर्मा ने किया।

# धनोरा में 16 से श्रीराम कथा एवं मारुति यज्ञ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर हर साल होने वाले माघी मेला मंड़ाई के अवसर पर इस साल भी महावीर उद्यान पर श्री राम कथा एवं मारुति यज्ञ का आयोजन 16 फरवरी से 24 फरवरी तक किया गया है कथा वाचक बालव्यास तिलेन्द्र महराज जी के द्वारा रामकथा का रसपान कराया जाएगा।

सुबह 8 बजे से 11 बजे तक मारुति यज्ञ एवं दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा एवं हर रोज रात्रि में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग विधा का आयोजन रात्रि 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक बांस गीत, जस गीत, झांकी, नाचा, गम्मत, रामायण, जगराता, हरिकीरतन एवं 24 फरवरी को माघी पूर्णिमा मेला मड़ाई एवं रात्रि में छतिसगढ़ही सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर महादेव हिरवानी कृत की प्रस्तुति होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद कुमार साहू, गुलाब साहू, राजु यादव, मनसुखा साहू, गज्जू रायपुरिया, बबलू साहू, योगेश कुमार, मनोज कुमार पटेल, एमलाल देवांगन, ओमकार साहू, रुपलाल टेलर जुटे हुए हैं।

# 52 बार रक्तदान करने वाले चौलेश हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जरुरतमंदों को 52 बार निःशुल्क रक्तदान करने वाले गुरुर निवासी चौलेश कुमार देशमुख को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला प्रशासन बालोद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक संगीता सिन्हा ने प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया।

विगत कई वर्षों से समाज सेवक के रूप में आगे रहने वाले शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े चौलेश देशमुख लगातार रक्तदान कर मरीजों की मदद कर रहे हैं। वे युवाओं को भी रक्तदान करने के लिए इस क्षेत्र में प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने टीबी रोग से पीड़ित तीन व्यक्तियों को भी निश्चय मित्र बनकर भरण पौष्टिक आहार देकर समाज सेवा की अच्छी मिशाल पेश की है। उनके इस सराहनीय कार्य के लिए विधायक संगीता सिन्हा, विजय बघेल, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, राकेश यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, चंद्रशेखर पवार, टीके साहू सहित मित्रगण जितेंद्र शर्मा, विक्रम राजपूत, द्वारिका भारद्वाज, प्रदीप साहू, रूपेंद्र देवदास, लोकेश साहू, राकेश साहू ने बधाई दी।

# अमृत रूपी कलश है श्रीमद् भागवत कथा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सरपंच एवं समस्त महिला समूह और पुरुष समूह के तत्वावधान में ग्राम कोनारी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

कथा के दूसरे दिन पं. अनिल उपाध्याय ग्राम भिलाई (अर्जुन्दा) वाले ने परीक्षित जन्म, शुकदेव भगवान का आगमन, सृष्टि उत्पत्ति व शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने सात दिन भागवत सुनकर किस तरह अपना उद्धार कर लिया। इसी तरह प्रत्येक व्यक्ति को श्रीमद् भागवत का महत्व समझना चाहिए। भागवत अमृत रूपी कलश है, जिसका रसपान करके आदमी अपने जीवन को कृतार्थ कर लेता है। इसलिए जहां भी भागवत होती है। ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मनुष्य

■ ग्राम कनेरी में पं. अनिल ने बताया श्रीमद् भागवत का महत्व

जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि, भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग बताते हुए कहा कि, यह पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता।

भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। सरपंच भारत लाल चंद्राकर ने बताया कि श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का समय दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलता हैं। आसपास के ग्रामीण जनो से अपील हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागवत कथा का आनंद लेवे।

# भरदा पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भरदा लो में पहुँचकर राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम भरदा लो के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राही से चर्चा कर योजना के समुचित क्रियान्वयन के संबंध में उनका फीडबैक लिया।

चन्द्रवाल ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान भरदा लो में राशन कार्ड के नवीनीकरण कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों एवं मौके पर उपस्थित खाद्य निरीक्षक धरमू किरंगे से राशनकार्ड के नवीनीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से नवीनीकृत राशन कार्ड बनाने हेतु आवेदन करने की निर्धारित प्रक्रिया आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आवेदकों के द्वारा आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात हितग्राहियों को नवीनीकृत राशनकार्ड प्रदान करने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। खाद्य निरीक्षक धरमू किरंगे ने बताया कि नवीनीकृत राशनकार्ड बनाने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 25 जनवरी से 15 फरवरी तक निर्धारित है। इसके साथ ही हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण की अंतिम तिथि 29 फरवरी को निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बीपीएल हितग्राहियों को नवीनीकृत राशनकार्ड निःशुल्क एवं एपीएल हितग्राहियों को नवीनीकृत राशनकार्ड के साथ 10 रुपये का शुल्क लिया जाएगा।

### पीएम आवास के हितग्राही से की चर्चा

इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राही कुमारी बाई के नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में पहुँचकर उसका अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कुमारी बाई से बातचीत कर योजना के समुचित क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कुमारी बाई से उसके आवास की सभी किश्तों की राशि प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी ली। कुमारी बाई ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी किश्तों की कुल 01 लाख 20 हजार रुपये तथा 90 मानव दिवस की राशि समय पर प्राप्त हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नवनिर्मित पक्का आवास मिलने से कुमारी बाई बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रही थी।

# बाड़ा चौक में लहराया तिरंगा

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में बाड़ा चौक के पास जय जोहार युवा संगठन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं सहित गणमान्य उपस्थित रहे। ग्रामीण चैतराम साहू, लीलाराम साहू, प्रवीण साहू, विक्रम ठाकुर, फकीरा राम साहू सहित गणमान्य नागरिक देश के वीर जवानों एवं महापुरुषों की तैल चित्रें पर पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया।



# अरमरीकला में श्री राम नाम की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम अरमरीकला में चार दिवसीय रामायण प्रतियोगिता एवं लोक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री बालोद नरेश साहू थे। उन्होंने आज के युग में जीवन कौशल, गुणों को सीखने के लिए श्रीराम और रामायण के अन्य आदर्शों से जुड़े महत्व को महसूस कराया। उन्होंने कहा कि रामायण की हर कहानी धैर्य, सहनशीलता, प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत, मित्रता, प्रेम, सामाजिक समरसता, संगठन कौशल, सहानुभूति, और कई और जीवन कौशलों का जीवंत उदाहरण हैं। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो घनेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। निर्णायकों ने प्रतियोगिता के विभिन्न पैरामीटर जैसे सामग्री की गुणवत्ता, प्रस्तुतिकरण की गुणवत्ता, रचनात्मकता और बॉडी लैंग्वेज के बारे में विस्तार से बताया और प्रतिभागियों में पुरस्कार का चयन किया। निखिल कलिहारी, कुलेश्वर साहू एवं टेकराम पटेल ने मंच संचालन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू, रामजी साहू, अरुणा कौमार्य, चेतन गंगबेर, रामावतार साहू, एमन गंगबेर, कोमल साहू ने पदाधिकारी के रूप में भरपूर सहयोग दिया, साथ ही चंद्रशेखर निर्मलकर, भारत साहू, पुरुषोत्तम साहू, वासुदेव मारकंडे, वामन, भीष्म, हुकुम, हरक ठाकुर, अस्थिर साहू, पूना राम, रोहित, उत्तम साहू, ढाल सिंह के साथ समस्त ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

■ चार दिवसीय रामायण प्रतियोगिता एवं लोक महोत्सव का किया गया आयोजन

# दल्लीराजहरा पुलिस ने ढूंढ निकाले 12 गुम मोबाइल, वास्तविक मालिकों को सौंपा



**दल्लीराजहरा।** पुलिस ने 12 नग गुम मोबाईल हेन्ड सेट को उनके वास्तविक मालिकों के सुपुर्द किया। इन मोबाइल की कीमत लगभग1,50,000 रूपए है।

पुलिस के अनुसार वर्तमान में सायबर पोर्टल सीईआईआर के माध्यम से दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा गुम मोबाईलों को खोजा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सुनील तिर्की के नेतृत्व में सायबर जागरूकता व सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कुल 12 नग गुम मोबाईल हेन्ड सेट को थाना दल्लीराजहरा द्वारा प्राप्त आवेदन पर से पता तलाश दीगर राज्य, दीगर जिला से विभिन्न कम्पनी के हेन्ड सेट को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया गया। साथ ही मोबाइल लेने पहुंचे लोगों को साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा तथा प्ले स्टोर पर लोन देने वाले फेक एप्प के माध्यम से हो रहे फ्रॉड के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नम्बर 1930 पर कॉल करने का सुझाव दिया गया।







